पत्र संख्या–परि0 सामा0 (17–18)/ 397 /वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश

(परिवाद अनुभाग)

लखनऊ/दिनांक/जुलाई, 15 , 2017

**समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर,**
**वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।**

परिवाद अनुभाग में लम्बित चल रहे परिवादों के त्वरित निस्तारण हेतु मुख्यालय पर दिनांक 15.05.17 को बैठक आयोजित की गयी थी, जिसका कार्यवृत्त मुख्यालय के पत्र सं0–167 दिनांक 16.05.17 द्वारा समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर को प्रेषित किया गया था। जोन स्तर पर लम्बित जॉच आख्यायें उपलब्ध कराने की अपेक्षा के क्रम में बैठक में उपस्थित अधिकारियों द्वारा लम्बित शिकायती पत्रों पर जॉच आख्या एक सप्ताह में उपलब्ध कराने के बिन्दु पर सहमति व्यक्त करते हुए मुख्यालय से प्रेषित पत्रों के सम्बन्ध में समयान्तर्गत आख्या उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया गया था, परन्तु वांछित आख्यायें आशानुरूप प्राप्त नहीं हो रही है ।

उक्त के क्रम में आपसे अपेक्षा की जाती है कि अपने जोन के लम्बित परिवादों की जांच आख्याओं सहित दिनांक 26.07.2017 को सम्बंधित ज्वाइण्ट कमिश्नर को उपस्थित होने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें। लम्बित प्रकरणों की सूची आपके विभागीय ई–मेल आई0डी0 पर उपलब्ध है ।

(आन्जनेय कुमार सिंह)
एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ0प0संख्या व दिनांक उक्त

ज्वाइण्ट कमिश्नर (आई0टी0) वाणिज्य कर, मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाइट के नोटिस बोर्ड तथा जोनल एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश की विभागीय ई–मेल आई0डी0 पर अपलोड कराने हेतु।

एडीशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।